भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
उर्वरक विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1121

जिसका उत्तर शुक्रवार, 05 दिसम्बर, 2025/14 अग्रहायण, 1947 (शक) को दिया जाना है।

तेलंगाना में यूरिया की आपूर्ति में विसंगति

1121. डॉ. मल्लू रविः

क्या **रसायन और उर्वरक मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केंद्र सरकार ने तेलंगाना सरकार द्वारा (अगस्त-सितंबर 2025 में) की गई औपचारिक शिकायत का संज्ञान लिया है जिसमें खरीफ सीजन के लिए राज्य को की गई यूरिया की आपूर्ति में आवंटित कोटे की तुलना में 3 लाख मीट्रिक टन से अधिक की भारी कमी का आरोप लगाया गया था, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) पर्याप्त भंडार की उपलब्धता के दावे के विपरीत राज्य के आंकड़ों में जिला स्तर पर आपूर्ति में भारी कमी दिखाई देती है, जिससे कथित तौर पर किसानों में संकट उत्पन्न हुआ, सरकार इस स्थिति को किस प्रकार सुलझाने का इरादा रखती है; और

(ग) आगामी रबी सीज़न के लिए यूरिया के पारदर्शी और समयबद्ध आवंटन सुनिश्चित करने हेतु राज्य के साथ आपूर्ति आंकड़ों के संयुक्त मिलान के लिए सरकार द्वारा कौन-कौन से कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) से (ग): तेलंगाना राज्य सहित देश में उर्वरकों की समय पर और पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा प्रत्येक मौसम में निम्नलिखित कदम उठाए जाते हैं-

(i) प्रत्येक फसल मौसम के शुरू होने से पहले, कृषि और किसान कल्याण विभाग (डीएएंडएफडब्ल्यू), सभी राज्य सरकारों के परामर्श से, उर्वरकों की राज्य-वार और माह-वार आवश्यकता का आकलन करता है।

(ii) कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा आकलित की गई आवश्यकता के आधार पर, उर्वरक विभाग मासिक आपूर्ति योजना जारी करके राज्यों को पर्याप्त मात्रा में उर्वरक आवंटित करता है और उपलब्धता की लगातार निगरानी करता है।

(iii) देश भर में सभी प्रमुख सब्सिडी प्राप्त उर्वरकों के संचलन की निगरानी एकीकृत उर्वरक निगरानी प्रणाली (आईएफएमएस) नामक ऑनलाइन वेब आधारित निगरानी प्रणाली द्वारा की जाती है।

(iv) राज्य सरकारों को नियमित रूप से सलाह दी जाती है कि वे समय पर मांग-पत्र भेजकर आपूर्तियों को कारगर बनाने के लिए उत्पादकों और आयातकों के साथ समन्वय बनाए रखें।

(v) कृषि एवं किसान कल्याण विभाग और उर्वरक विभाग द्वारा राज्य कृषि अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से नियमित साप्ताहिक वीडियो कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाती है और राज्य सरकारों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार उर्वरक भेजने के लिए सुधारात्मक कार्रवाई की जाती है।

(vi) जिला स्तर पर राज्य के भीतर उर्वरकों का वितरण संबंधित राज्य सरकार द्वारा किया जाता है।

इसके अलावा, खरीफ मौसम 2025 के दौरान तेलंगाना राज्य में यूरिया की उपलब्धता पर्याप्त बनी रही। दिनांक 01.04.2025 से दिनांक 30.09.2025 की अवधि तक, 9,80,000 मीट्रिक टन की मौसमी आवश्यकता की तुलना में 10,28,000 मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध कराया गया था। उक्त अवधि के दौरान यूरिया की बिक्री 9,79,000 मीट्रिक टन थी और दिनांक 30.09.2025 को राज्य के पास 49,000 मीट्रिक टन यूरिया का अंतिम स्टॉक था। **इसके अलावा, राज्य के पास वर्तमान में चल रहे रबी मौसम 2025-26 के लिए 2,29,000 मीट्रिक टन यूरिया (01.12.2025 तक) का पर्याप्त अंतिम स्टॉक है।**

******